## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–10.05.2024 (संध्या 1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **झारखंड में तेज हुआ चुनाव प्रचार, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने खूंटी में और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुमका और गोड्डा में की चुनावी रैली, इंडी गठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और राजद नेता तेजस्वी यादव ने संभाला मोर्चा।**
2. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल चतरा संसदीय क्षेत्र के सिमरिया में करेंगे जनसभा, एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह और मनीष जायसवाल के लिए मांगेंगे जनता का समर्थन।**
3. **लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए कल शाम थमेगा प्रचार का शोर, झारखंड में खूंटी, सिंहभूम, पलामू और लोहरदगा में 13 मई को डाले जायेंगे वोट, प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में।**
4. **राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं, शीर्ष अदालत ने दायर एसएलपी बिना सुनवाई के की निष्पादित, पूर्व मुख्यमंत्री को हाईकोर्ट का नोटिस। और**
5. **राजधानी रांची समेत राज्यभर में तापमान में आयी गिरावट के बाद सरकार ने जारी किया स्कूल खोलने का आदेश, 13 मई से पूर्व निर्धारित समय पर संचालित होंगी कक्षाएं।**

******************

झारखंड में चुनाव प्रचार ने अब रफ्तार पकड़ ली है। भाजपा के स्टार प्रचारकों का यहां आना लगातार जारी है। इस कड़ी में आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज खूंटी के कचहरी मैदान में पार्टी प्रत्याशी और अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगी अर्जुन मुंडा के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने इंडी गठबंधन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आदिवासियों के कल्याण के लिए इस अवसरवादी गठबंधन ने कोई काम नहीं किया। श्री शाह ने कहा कि झारखंड भाजपा की देन है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इसका निर्माण किया और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस संवारने का काम कर रहे हैं।

जनसभा के पार्टी प्रत्याशी श्री मुंडा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष लोगों को बरगला कर चुनाव जीतना चाहता है लेकिन जनता सब जान और समझ चुकी है। उन्होंने केन्द्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों का भी जिक्र किया।

******************

उधर, संताल परगना में पार्टी के वरिष्ठ नेता और देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मोर्चा संभाला। उन्होंने दुमका में पार्टी प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का निर्माण भारतीय जनता पार्टी ने किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ही राष्ट्रीय स्तर पर जनजातीय गौरव दिवस मनाने की शुरुआत की। उन्होंने कांग्रेस और झामुमो पर आदिवासियों को गुमराह करने का आरोप लगाया।

******************

उधर, गोड्डा में पार्टी उम्मीदवार निशिकांत दुबे के पक्ष में केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने रोड शो किया और लोगों से भाजपा के समर्थन में वोट करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर हमला बोला और केन्द्र सरकार द्वारा जनहित में उठाये गये कदमों का जिक्र किया।

******************

साहिबगंज जिले में चुनाव प्रचार की कमान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने संभाली। जिले के सिद्धू–कान्हू स्टेडियम में राजमहल सीट से भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ही बेहतर झारखंड का निर्माण कर सकती है।

******************

इधर, इंडी गठबंधन के नेताओं ने भी आज संताल परगना क्षेत्र में धुआंधार प्रचार किया। झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने दुमका में पार्टी प्रत्याशी नलिन सोरेन और साहिबंगज में राजमहल सीट से पार्टी प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा के पक्ष में चुनावी रैली की। मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर, बसंत सोरेन, बादल, बन्ना गुप्ता, आलमगीर आलम के अलावा झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने केन्द्र सरकार पर राज्य के आदिवासियों और दलितों के साथ धोखा करने का आरोप लगाया।

******************

उधर, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने आज पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले के रंका और पलामू जिले के ऊंटारी रोड में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में लोगों से वोट करने की अपील की।

******************

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा कल चतरा के सिमरिया स्थित मुरबे मैदान में आयोजित की जायेगी। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर केंद्रीय एजेंसियां और जिला प्रशासन पूरी तरह से चौकस है। स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप–एसपीजी ने सभास्थल को अपने कब्जे में ले लिया है।

******************

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए चुनाव प्रचार कल शाम समाप्त हो जायेगा। इस चरण में झारखंड की चार संसदीय क्षेत्रों खूंटी, सिंहभूम, लोहरदगा और पलामू में 13 मई को मतदान होगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि राज्य में हो रहे पहले चरण के चुनाव की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गयी है।

******************

इससे पहले दुमका लोकसभा क्षेत्र से आज भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन और झामुमो प्रत्याशी निलिन सोरेन ने अपना– अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उधर, राजमहल संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी और झामुमो उम्मीदवार विजय हांसदा ने भी आज अपने नामांकन दाखिल किये। उधर गोड्डा सीट से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया।

******************

लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के लिए मतदान प्रक्रिया जारी है। इस चरण में झारखंड की तीन संसदीय सीटों दुमका, गोड्डा और राजमहल के लिए एक जून को मतदान होना है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि इन तीनों सीटों पर अब तक कुल 18 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि शनिवार और रविवार होने के कारण 11 और 12 मई को नामांकन प्रक्रिया बंद रहेगी।

******************

जमीन घोटाला के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली। आज उनकी एसएलपी पर सुनवाई करते हुए कहा कि अब यह याचिका निरर्थक है और इसे निष्पादित कर दिया। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एसएलपी दाखिल कर अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। इसपर फैसला आने में देर होता देख हेमंत सोरेन ने शीर्ष अदालत का रूख किया था, लेकिन इस बीच 29 अप्रैल को हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया है, जिसपर 13 मई को फैसला आएगा।

******************

इधर, झारखंड हाईकोर्ट में आज पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की शिकायत पर ईडी के अधिकारियों के खिलाफ एससी–एसटी एक्ट में दर्ज एफआईआर को सीबीआई या अन्य स्वतंत्र एजेंसी को देने का आग्रह करने वाली ईडी की याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने प्रतिवादी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई हाई कोर्ट के ग्रीष्म अवकाश के बाद होगी।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्य भर में तापमान में आयी गिरावट के बाद राज्य सरकार ने सभी सरकारी–गैरसरकारी स्कूलों को खोलने का आदेश जारी किया। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने कहा कि मौसम में परिवर्तन को देखते हुए 13 मई से सभी स्कूल खोलने का आदेश दिया गया। 13 मई से सभी स्कूल में कक्षाएं पूर्व निर्धारत समय पर संचालित होंगी।

********समाप्त*******